कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री संजीव कुमार आकाश एडवोकेट, कार्यालय लॉ पैलेस गिरीताल मन्दिर के सामने काशीपुर जिला (उधमसिंह नगर)–244713

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा

अपील सं0 07/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक 02.04.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से दिनांक 05.01.2019 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा के पत्रांक आरटीआई/2019/191 दिनांक 18.03.19 द्वारा अवगत कराया गया है कि आवेदक द्वारा वॉछित बिुदं सं0 एक की सूचना अति0 पुलिस अधीक्षक, दौसा से संबंधित होने के कारण उनको सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया। अति0 पुलिस अधीक्षक, दौसा द्वारा उनके पत्रांक 534–35 दिनांक 26.02.19 द्वारा सूचना उपलब्ध करवादी गई तथा प्रभारी अधिकारी (न्याय शाखा)कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा बिंदु सं0 एक व दो का संबंध उनके कार्यालय से नहीं होना अंकित कर सूचना उनके पत्रांक 234–235 दिनांक 25.02.2019 द्वारा उपलब्ध करवाया जाना अंकित किया जाकर इस कार्यालय को सूचना की प्रति भिजवाई गई है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। साथ ही सूचना उपलब्ध करा दिये जाने के कारण अपील निरस्त करने का निवेदन किया है। इससे स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा